क्रांति रेंजर्स टीम -आख्या -सत्र 2020-21

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ की क्रांति रेंजर्स टीम कोविड -19 महामारी की इस वैश्विक आपदा काल में सक्रिय योगदान करके निरंतर प्रयासरत रही। महाविद्यालय प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन एवं रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अनुजा गर्ग के नेतृत्व में लॉक डाउन की अवधि में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिदिन कोरोना जागरूकता अपील के द्वारा छात्राओं, प्राध्यापकों एवं जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य निरंतर किया गया । रेंजर छात्राएं श्वेता, मंजू, वैशाली खन्ना ,रीतू, मानसी तिवारी, सोनम,उमा जोशी, सना, कविता, सिमरन रेनू,मोनिका, चेतना आदि ने पोस्टर, कविता, वीडियो , लेख आदि के माध्यम से अपने घर के आसपास सभी को घर में रहने तथा आसपास सफाई रखने एवं समय-समय पर सरकार के द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील करके जागरुकता अभियान चलाया। रेंजर भावना ,मेघा शर्मा, राखी ,रितु, सुषमा पाल, कल्पना, तानिया, सिमरन ,उमा जोशी, पारुल, जय श्री, मानसी तिवारी, सना प्रवीण, रीतू आदि ने घर पर मास्क बनाकर जरूरतमंदों यथा दूध वालों सब्जी वालों सफाई कर्मियों गरीबों आदि को वितरित करके उन्हें सुरक्षित रखने का प्रयास किया। कोरोना जागरूकता हेतु सरकार के निर्देशानुसार सभी रेंजर्स के द्वारा आरोग्य सेतु एप डाउनलोड किया गया एवं अपने परिचितों तथा संबंधियों से भी ऐप डाउनलोड करने की अपील की गई । मेघा शर्मा ने अपने पूरे गांव तितरौदा (बागपत) में ही आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने के लिए ऐलान करवाया तथा वह 115 ग्रामवासियो को आरोग्य सेतु एप डाउनलोड कराने में सफल हुई ।

एक ओर रेंजर्स ने आवश्यकता का सामान वितरित किया , वही दूसरी ओर प्रकृति व पर्यावरण के प्रति अपना दायित्व निर्वहन करने के लिए वृक्षारोपण किया, पक्षियों को दाना व पानी की व्यवस्था की, साथ ही पालतू तथा लाचार जानवरों को भी भोजन उपलब्ध कराया। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष कवच ऐप डाउनलोड कराने के लिए निरन्तर प्रयासशील रेंजर्स ने 250 को एप डाउनलोड कराया ।

दिनांक 25 अगस्त 2020 को उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड भवन मेरठ में आयोजित कोरोना योद्धा प्रशिक्षण में रेंजर भावना एवं सपना ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

रक्तदान जागरूकता अभियान में भी रेंजर्स ने सक्रिय सहभागिता की

5 जुलाई 20 20 को उत्तर प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में रेंजर प्रभारी व रेंजर्स के द्वारा 50 पौधों को रोपित किया गया ।

रेंजर लीडर डॉ0 अनुजा गर्ग के द्वारा स्वयं पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधौ का वितरण किया गया एवं पौधे लगाए गए साथ ही समय-समय पर जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्रियों का तथा मास्क एवं ग्लव्स का वितरण भी किया गया।

रेंजर प्रभारी डॉ0 अनुजा गर्ग के द्वारा उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में संचालित मास्क बैंक, सोप बैंक, ग्रेन बैंक तथा सेनेटरी पैड बैंक में प्रचुर सामग्री जमा की ।

संकट की इस घड़ी में यथासंभव प्रयास करके क्रांति रेंजर टीम ने देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करके रोवर -रेंजर के आदर्श सिद्धांत 'सेवा करो' को चरितार्थ करने का प्रयास किया

वर्ष पर्यन्त रेंजर प्रभारी डॉ अनुजा गर्ग के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड,मेरठ के द्वारा उन्हें सर्वोत्कृष्ट एवं समर्पित रेंजर लीडर के रूप में सम्मानित किया गया एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व का विषय कि हमारी क्रांति रेंजर टीम के द्वारा कोरोना महामारी के दौरान किए गए कार्यों के लिए भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय,नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 11 दिसंबर 20 20 को क्रांति रेंजर टीम को भारत स्काउट गाइड कोरोना योद्धा के रूप में सराहनीय सेवा कार्यो व महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

महाविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व एवं हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय की क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर कुमारी अलीजा खान ने "माइ ड्रीम माइ प्लान टू रियलाइज इट" विषय पर ऑनलाइन वीडियो प्रतियोगिता में फिनाले के लिए चयनित 15 वीडियो में स्थान बनाया एवं दिनांक 30-10 -2020 को ज़ूम पर आयोजित फिनाले कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करके पूरे भारत में तृतीय स्थान एवम् 2000 रूपये पुरस्कार राशि प्राप्त की ।

अलीजा खान को राष्ट्रीय स्तर पर दिनांक 28 नवंबर 2020 को आयोजित दिवस अराउंड द वर्ल्ड प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया तथा इस हेतु ₹1000 पुरस्कार राशि प्रदान की गई।अलीज़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर ना केवल महाविद्यालय अपितु मेरठ एवं उत्तर प्रदेश को भी गौरवान्वित किया।

अन्य गतिविधियों में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत दो ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
दिनांक 1 फरवरी 2021 से 3 फरवरी 2021 तक महाविद्यालय प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
दिनांक 1 फरवरी से 5 फरवरी 20 21 तक पंच दिवसीय रेंजर्स निपुण प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की 11 रेंजर्स ने प्रतिभागिता की। दिनांक 8 फरवरी 2021 को तंबू निर्माण मॉडल प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
दिनांक 1 मार्च 2021 को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं कानून विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया
दिनांक 12 मार्च 20 21 को मास्क मेकिंग निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
समस्त कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में रेंजर्स ने उत्साह पूर्वक प्रतिभागिता की